# अध्याय - 5 | भारतीय समाजशास्त्री

## QUIZ-01

1. भारत में संस्थागत समाजशास्त्र के संस्थापक किसे माना जाता है?
   A. ए.आर. देसाई  B. एम.एन. श्रीनिवास
   C. जी.एस. घुर्ये  D. डी.पी. मुखर्जी  (C)

*व्याख्या :* जी.एस. घुर्ये ने बॉम्बे विश्वविद्यालय में पहला स्नातकोत्तर समाजशास्त्र विभाग चलाया और संस्थागत समाजशास्त्र की नींव रखी।

2. वेरियर एल्विन के साथ घुर्ये की बहस का प्रमुख विषय क्या था?
   A. शहरीकरण
   B. जनजातीय समाहार
   C. लिंग समानता
   D. शिक्षा नीति  (B)

*व्याख्या :* घुर्ये ने तर्क दिया कि भारतीय जनजातियाँ अलग-थलग नहीं थीं, बल्कि उन्हें मुख्यधारा में मिलाने की आवश्यकता थी।

3. हर्बर्ट रिसली के जाति और नस्ल सिद्धांत की घुर्ये ने किस बात के लिए आलोचना की?
   A. ऐतिहासिक सन्दर्भ की कमी
   B. औसत मानव माप के प्रयोग में विविधताओं की अनदेखी
   C. धर्म का निषेध
   D. आर्थिक दृष्टिकोण पर बल  (B)

*व्याख्या :* घुर्ये ने औसत मापनों के प्रयोग की आलोचना की और भारत में क्षेत्रीय विविधताओं की ओर ध्यान दिलाया।

4. घुर्ये की सबसे प्रसिद्ध कृति कौन-सी मानी जाती है?
   A. इंडियन सोशियोलॉजी
   B. स्टेट एंड सोसाइटी इन इंडिया
   C. कास्ट एंड रेस इन इंडिया
   D. विलेज इंडिया  (C)

*व्याख्या :* "कास्ट एंड रेस इन इंडिया" घुर्ये का सबसे चर्चित ग्रंथ है, जो उनके पीएच.डी. शोध पर आधारित था।

5. भारतीय परंपरा में डी.पी. मुखर्जी ने किस परिवर्तन सिद्धांत को क्रांतिकारी माना?
   A. श्रुति  B. स्मृति
   C. अनुभव  D. कर्म  (C)

*व्याख्या :* डी.पी. मुखर्जी ने अनुभव को परिवर्तन का क्रांतिकारी सिद्धांत माना, विशेष रुप से जब यह सामूहिक अनुभव में बदलता है।

6. एम.एन. श्रीनिवास ने अपनी ग्राम अध्ययन के माध्यम से किस शब्द को लोकप्रिय बनाया?
   A. संस्कृतिकरण
   B. औद्योगीकरण
   C. तर्कशीलता
   D. उदारीकरण  (A)

*व्याख्या :* एम.एन. श्रीनिवास ने "संस्कृतिकरण" शब्द को समाजशास्त्रीय विश्लेषण में उपयोग किया और इसे लोकप्रिय बनाया।

7. डी.पी. मुखर्जी के अनुसार 'जीवित परंपरा' का क्या अर्थ है?
   A. जो परंपरा कभी चुनौती नहीं देती
   B. जो परंपरा अपरिवर्तित रहती है
   C. जो परंपरा अतीत से जुड़ी रहते हुए वर्तमान में अनुकूलन करती है
   D. जो केवल रीति-रिवाजों पर आधारित होती है  (C)

*व्याख्या :* जीवित परंपरा वह है जो अतीत से जुड़ी रहते हुए वर्तमान के अनुसार स्वयं को बदलती है।

8. ए.आर. देसाई की किस कृति में भारतीय राष्ट्रवाद का मार्क्सवादी विश्लेषण किया गया है?
   A. ग्रामीण समाजशास्त्र
   B. सोशल बैकग्राउंड ऑफ इंडियन नेशनलिज्म
   C. पॉलिटिकल सोशियोलॉजी ऑफ इंडिया
   D. इंडियन मॉडर्निटी  (B)

*व्याख्या :* "सोशल बैकग्राउंड ऑफ इंडियन नेशनलिज्म" में देसाई ने भारतीय राष्ट्रवाद का मार्क्सवादी दृष्टिकोण से विश्लेषण किया।

9. ए.आर. देसाई ने कल्याणकारी राज्य की किस आलोचना की?
   A. यह अत्यधिक समाजवादी था
   B. यह केवल अमीरों का पक्ष लेता था
   C. यह वादा की गई समानता और सुरक्षा प्रदान करने में असफल रहा
   D. यह महंगाई लाता है  (C)

*व्याख्या :* देसाई का मानना था कि कल्याणकारी राज्य आर्थिक असमानता को खत्म करने और सभी नागरिकों को सुरक्षा देने में विफल रहे।

10. भारतीय समाजशास्त्र में एम.एन. श्रीनिवास ने किस विधि को बढ़ावा दिया?
    A. सांख्यिकीय विश्लेषण
    B. क्षेत्रीय अध्ययन आधारित नृविज्ञान
    C. सर्वेक्षण नमूना
    D. केवल ऐतिहासिक शोध  (B)

*व्याख्या :* श्रीनिवास ने प्रत्यक्ष क्षेत्रीय अध्ययन और प्रतिभागी अवलोकन को समाजशास्त्रीय विधि के रूप में महत्व दिया।

मिशन ज्ञान पढ़ो जब चाहो, जहां चाहो, जैसे चाहो!
100% FREE! Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES